संख्या–cm-176
01/04/2021

मुख्यमंत्री ने आई0एस0एस0एफ0 शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीतने पर सुश्री श्रेयसी सिंह को दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 01 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आई0एस0एस0एफ0) द्वारा आयोजित शूटिंग वर्ल्ड कप के विमेंस ट्रैप टीम इवेंट में भारत को स्वर्ण पदक जीतने पर सुश्री श्रेयसी सिंह को बधाई एवं शुभकामनायें दीं है। 18 मार्च से 29 मार्च तक दिल्ली के डॉ0 करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित आई0एस0एस0एफ0 शूटिंग वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने कजाकिस्तान को 6–0 से फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में महिला ट्रैप की तीन सदस्यीय भारतीय टीम में सुश्री श्रेयसी सिंह शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि सुश्री श्रेयसी सिंह जमुई से विधायक भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुश्री श्रेयसी सिंह की यह उपलब्धि देश और राज्य के लिये गर्व का विषय है।

******